633.राजस्थान राज्य में ही पूर्णतः बहने वाली सबसे लम्बी नदी का नाम है -

(a) चम्बल (b) लूनी

(c) बनास (d) माही

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

उत्तर - (c) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

634.निम्नलिखित में से कौन सी नदी राजस्थान को सर्वाधिक जल की आपूर्ति करती है?

(a) चम्बल (b) बनास (c) माही (d) साबरमती

उत्तर — (b)

RPSC RAS/RTS 2003

व्याख्या — उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

635. राजस्थान की किस नदी को स्थानीय रूप से ''वन की आशा'' कहा जाता है?

(a) माही

(b) बनास

(c) सोम

(d) मेंथा

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

636. निम्न में से कौन सी नदी का अपना सम्पूर्ण प्रवाह राजस्थान में ही सीमित है?

(a) बनास (b) चम्बल

(c) लूनी (d) माही

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022

Ans. (a) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

637. निम्नलिखित में से कौन सी एक बनास नदी की सहायक नहीं है?

(a) मानसी (b) पार्वती

(c) कोठारी (d) मोरेल

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (b) : पार्वती नदी बनास की सहायक नदी नही है अपितु पार्वती, चम्बल की सहायक नदी है।

638. राजस्थान में 'मालपुरा-करौली का मैदान' किस नदी बेसिन का भाग है?

(a) चम्बल बेसिन (b) लूनी बेसिन

(c) बनास बेसिन (d) यमुना बेसिन

LDC Exam 16.09.2018

Ans. (c) राजस्थान में 'मालपुरा-करौली का मैदान' बनास बेसिन का भाग है। 'मालपुरा-करौली का मैदान' शिष्ट एवं नीस चट्टानों से निर्मित है। यह एक तृतीयक समप्राय भूमि है। यह परतदार चट्टानों से मिलकर बनी है। किशनगढ़ एवं मालपुरा के अधिकांश भाग में मोटे जलोढ़ निक्षेप पाये जाते हैं। बनास बेसिन का विस्तार पाली, राजसमन्द, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा एवं टोंक जिलों में है। बनास बेसिन राजस्थान के पूर्वी क्षेत्र के मैदान का भाग है।

639. किस संस्कृति से जुड़े स्थान प्रमुख रूप से बनास तथा उसकी सहायता नदियों की घाटियों में प्राप्त हुए हैं?

(a) गणेश्वर संस्कृति (b) लौह-युग संस्कृति

(c) आहड़ संस्कृति (d) हड़प्पा संस्कृति

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : आहड़ सभ्यता बनास नदी की सहायक बेड़च/आहड़ नदी के आस-पास मिली है। आहड़ सभ्यता के अवशेष उदयपुर जिले में स्थित है। आहड़ का प्राचीनतम नाम आघाटपुर है। स्थानीय लोग इसे धुलकोट कहते हैं।

640. बागोर भीलवाड़ा जिले की ______ नदी के कांठे पर स्थित है।

(a) लूणी (b) बनास

(c) कोठारी (d) चम्बल

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (c) : बागोर, भीलवाड़ा जिले की कोठारी नदी के कांठे पर स्थित है। यह मध्यपाषाणकालीन स्थल है। कोठारी नदी, बनास नदी की सहायक है। वर्ष 1967 ई. में डॉ. एल.एम. लेशनिक द्वारा इस स्थल की खोज की गयी। यहाँ पर उत्खनन कार्य वी.एन. मिश्र एवं बसंत शिंदे के नेतृत्व में कराया गया। यहाँ पर कृषि कार्य किये जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। बागौर से कृषि एवं पशुपालन के प्राचीनतम साक्ष्य प्राप्त हुए है। इसे आदिम संस्कृति का संग्रहालय माना जाता है।

641. भीलवाड़ा जिले की ______नदी पर बागौर स्थित है।

(a) लूणी (b) कोठारी

(c) बनास (d) चम्बल

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b): उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

642. बिजराल की पहाड़ियों से निकलने वाली खारी नदी निम्नलिखित में से किस अपवाह तन्त्र का भाग है-

(a) बंगाल की खाड़ी

(b) अरब सागरीय

(c) अनिश्चित अपवाह

(d) आन्तरिक अपवाह

Lab Assistant Exam Date- 13.11.2016

RPSC RAS/RTS 2009

Ans. (a) खारी नदी राजस्थान के राजसमंद जिले के बिजराल की पहाड़ियों से निकलती है। यह राजसमंद, अजमेर, भीलवाड़ा व टोंक जिलों में बहती हुई बनास नदी में मिल जाती है। बनास नदी चम्बल की सहायक नदी है, चम्बल नदी यमुना की सहायक नदी है और यमुना नदी गंगा की सहायक नदी है जो बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इस प्रकार खारी नदी बंगाल की खाड़ी अपवाह तंत्र का भाग है।

643. खारी नदी का उद्गम राजसमन्द जिले के उत्तर में स्थित _________गाँव की पहाड़ियों से होता है।

(a) अरना (b) बागोता

(c) बासाणी (d) बिजराल

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

644.राजस्थान की नदी जो बंगाल की खाड़ी को जल ले जाती है, वह है -

(a) माही (b) बनास (c) लूनी (d) साबरमती

उत्तर - (b) **RPSC RAS/RTS-1993**